Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to restart the Kendriya Vidyalaya of Sirmour district, Himachal Pradesh.

श्री सुरेश कश्यप (शिमला): अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र स्थित सिरमौर जिले में सीमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के अंतर्गत केन्द्रीय विद्यालय चलता था, जिसको वर्ष 2002 में किसी कारण से बंद कर दिया गया । इस विद्यालय की दो मंजिला इमारत में लगभग 35 कमरे हैं तथा यहां दो बड़े खेल के मैदान भी हैं । एक प्राइवेट कॉलेज इस समय वहां चल रहा है । वर्तमान समय में जिला-सिरमौर में कोई भी केंद्रीय विद्यालय नहीं है और बहुत सारे केंद्रीय कर्मचारी और सेवानिवृत्त लोग यहां पर हैं । इस विद्यालय को दोबारा शुरू करने की आवश्यकता है, ताकि हमारे बहुत सारे सैनिक, पूर्व सैनिक, वीर नारियों के बच्चों को शिक्षा मिल सके । जिला-सिरमौर हिमाचल प्रदेश के किनारे स्थित एक दूरदराज का क्षेत्र है । शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं की यहां पर कमी है ।

अत: मेरा आपके माध्यम से केन्द्रीय शिक्षा मंत्री जी से यह निवेदन है कि इस केन्द्रीय विद्यालय को एक बार फिर से शुरू किया जाए, ताकि बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल सके । धन्यवाद ।